रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान) करियप्पा मार्ग, लखनऊ छावनी -226002
Principal Controller of Defence Accounts (Central Command) Cariappa Road, Lucknow Cantt.– 226002
कार्यालय फोन सं.-0522-2451084/कार्यालय फ़ैक्स सं-0522-2453038
Office Phone No.-0522-2451084/Office Fax No.-0522-2453038
E.Mail- cda-luck@nic.in

सं0 प्रशा. / ।।/ 1023 / आर.डब्ल्यू.ए. दिनांक 01 / 08 / 2022

सेवा में,

समस्त आवंटी
प्रबुद्ध विहार कालोनी एवं विवेक विहार कालोनी
लखनऊ छावनी

विषय :– प्रबुद्ध विहार कालोनी एवं विवेक विहार कालोनी (डी.ए.डी.) में आवासीय कल्याण समिति (आर.डब्ल्यू.ए.) के गठन हेतु चुनाव।

सक्षम अधिकारी के निर्देशानुसार प्रबुद्ध विहार कालोनी एवं विवेक विहार कालोनी में आवासीय कल्याण समिति (आर.डब्ल्यू.ए.) के गठन हेतु चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है। दोनों कालोनियों (प्रबुद्ध विहार कालोनी एवं विवेक विहार कालोनी) में नई आवासीय कल्याण समिति हेतु निम्नलिखित पदों हेतु चुनाव कराने का निश्चय किया गया है :–

1. अध्यक्ष : एक पद
2. उपाध्यक्ष : एक पद
3. सचिव : एक पद
4. कोषाध्यक्ष : एक पद
5. सदस्य : तीन पद
   - सांस्कृतिक / खेलकूद गतिविधियां सदस्य
   - सफाई / सुरक्षा सदस्य
   - महिला सदस्य

उपरोक्त आदेश के आलोक में प्रबुद्ध विहार कालोनी एवं विवेक विहार कालोनी में रह रहे वैध निवासियों से चुनाव के उपरोक्त पदों हेतु नामांकन मांगे जा रहे हैं।

सभी उम्मीदवार उक्त चुनाव हेतु नामांकन फार्म श्री मदन गोपाल, लेखाधिकारी, प्रशासन–2 अनुभाग से दिनांक 05.08.2022 (सायं 05:30 बजे) तक प्राप्त कर लें।

सभी वांछित सूचनाओं को दर्शाते हुए विधिवत भरे गए नामांकन प्रपत्र (प्रतिलिपि संलग्न), श्री मदन गोपाल, लेखाधिकारी, प्रशासन–2 अनुभाग को दिनांक 08.08.2022 सायं 05:00 बजे तक पहुंच जाने चाहिए।

कम सं.	चुनाव कार्यकम	तिथि	समय / स्थान
1.	नामांकन फार्म प्राप्त करने की तिथि	05 / 08 / 2022	प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक (चुनाव स्थल संगठन एवं पद्धति प्रशिक्षण हाल मुख्य कार्यालय)
2.	नामांकन प्रस्तुत करने की तिथि	08 / 08 / 2022	
3.	नामांकन पत्रों की समीक्षा	16 / 08 / 2022	
4.	नामांकन वापस लेने की अन्तिम तिथि	17 / 08 / 2022	
5.	विभिन्न पदों हेतु प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि	18 / 08 / 2022	
6.	चुनाव तिथि (प्रबुद्ध विहार कालोनी) समय व स्थान	24 / 08 / 2022	
7.	चुनाव तिथि (विवेक विहार कालोनी) समय व स्थान	25 / 08 / 2022	

इस संबंध में पुनः सूचित किया जाता है कि प्रबुद्ध विहार कालोनी एवं विवेक विहार कालोनी में आवासीय कल्याण समिति हेतु वैध आवंटी कर्मचारी/अधिकारी ही विभिन्न पदों पर होने वाले चुनाव में अपना नामांकन प्रस्तुत करने तथा मतदान करने हेतु सुपात्र होंगे।

– हस्ता॰ –

(रंकज प्रकाश सिंह, उप–नियंत्रक)
चुनाव अधिकारी

प्रतिलिपि :

1. स्वचलन कक्ष : वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
2. प्रभारी अधिकारी (समस्त अधीनस्थ कार्यालय लखनऊ) – सूचनार्थ एवं प्रचार–प्रसार हेतु।
3. श्री पंकज उपाध्याय, संयुक्त नियंत्रक } सूचनार्थ
4. श्री रंकज प्रकाश सिंह, उप–नियंत्रक } सूचनार्थ
5. श्री राम विलास प्रसाद, सहायक नियंत्रक } सूचनार्थ
6. सचिव, आवासीय कल्याण संघ, प्रबुद्ध विहार कालोनी } सूचनार्थ एवं प्रचार–प्रसार हेतु।
7. सचिव, आवासीय कल्याण संघ, विवेक विहार विहार कालोनी } सूचनार्थ एवं प्रचार–प्रसार हेतु।

(रंकज प्रकाश सिंह, उप–नियंत्रक)
चुनाव अधिकारी

नियम व प्रकिया

1. सभी वैध आवंटी ही मतदान के अधिकारी होंगे। सभी मतदाता अपने पहचान पत्र के साथ ही मतदान में भाग लें।
2. मृत अधिकारी/कर्मचारी की पत्नी/के पति जो कि संबंधित कालोनी के आवास में वैधानिक रूप से (दो वर्ष अथवा उससे कम समय से) निवास कर रही/रहे हों, मतदान की/के अधिकारी होंगे।
3. स्थानांतरित हुए/प्रतिनियुक्ति पर गए अधिकारी/कर्मचारी के वैधानिक रूप से रह रहे परिवार में कर्मचारी/अधिकारी की पत्नी/पति ही मतदान का अधिकारी होगा।
4. उपरोक्त बिन्दु (2) व (3) के अतिरिक्त केवल आवंटी को ही मतदान का अधिकार होगा व उनके स्थान पर उनकी/उनके पत्नी/पति अथवा किसी अन्य परिवार के सदस्य को मतदान की अनुमति नहीं दी जाएगी।
5. मतदान के दौरान प्रत्याशी मतदान हाल के अंदर मौजूद नहीं रहेंगे।
6. चुनाव प्रचार एक दिन पूर्व तक अनुमन्य है।
7. एक आवंटी/आवास हेतु एक वोट का ही प्रावधान है।
8. विवाद की स्थिति या कहीं भी मत विभिन्नता की स्थिति में अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अंतिम होगा।